प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 22.04.2026 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. जमशेदपुर के बहरागोड़ा में मिले शक्तिशाली बम को सेना ने किया निष्क्रिय, 227 किलो वजनी अमेरिकी बम को गहरे गड्ढे में सुरक्षित विस्फोट कर किया गया नष्ट।
2. रांची में पुलिस और अपराधियों के बीच मुठभेड़; जमीन कारोबारी का हत्यारा शूटर सत्यम पाठक को लगी गोली, एक पुलिसकर्मी भी घायल।
3. रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रांची स्थित लोकभवन में राज्यपाल से की मुलाकात, सांसद सांस्कृतिक महोत्सव के लिए किया आमंत्रित।
4. पहलगाम आतंकी हमले की आज पहली बरसी; प्रधानमंत्री और उपराष्ट्रपति ने जान गंवाने वालों को दी श्रद्धांजलि, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी और संजय सेठ ने भी किया नमन।
5. धनबाद में भारत ने नेपाल को हराकर जीता अंडर–19 मूक–बधिर क्रिकेट का खिताब; पृथ्वीराज रामटेके बने प्लेयर ऑफ द मैच।

****

पूर्वी सिंहभूम जिले के बहरागोड़ा में स्वर्णरेखा नदी तट पर मिले द्वितीय विश्व युद्ध के 227 किलो वजनी शक्तिशाली अमेरिकी बम को भारतीय सेना ने आज सफलतापूर्वक निष्क्रिय कर दिया। कैप्टन आयुष कुमार सिंह के नेतृत्व में सेना के विशेषज्ञों ने सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे 20 फीट गहरे गड्ढे में विस्फोट कर इसे सुरक्षित तरीके से नष्ट किया। सुरक्षा के मद्देनजर प्रशासन ने एक किलोमीटर के दायरे को पूरी तरह सील कर दिया था।

****

राजधानी रांची में आज सुबह पुलिस और अपराधियों के बीच हुई मुठभेड़ में जमीन कारोबारी हत्याकांड का मुख्य आरोपी सत्यम पाठक घायल हो गया है। पंडरा क्षेत्र के कांके डैम के पास हथियार बरामदगी के दौरान आरोपी ने पुलिस पर फायरिंग कर भागने की कोशिश की, जिससे एक जवान घायल हो गया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली सत्यम पाठक के पैरों में लगी है, और उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एसएसपी ने बताया कि सत्यम कल हुई भार्गव सिंह की हत्या का मुख्य शूटर है।

****

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से आज रांची के लोक भवन में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान श्री सेठ ने राज्यपाल को आगामी 1 से 3 मई तक रांची के ऑड्रे हाउस में आयोजित होने वाले सांसद सांस्कृतिक महोत्सव सह स्वदेशी मेला में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया।

****

जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की आज पहली बरसी है। पिछले वर्ष इसी दिन, पहलगाम में आतंकवादियों ने 26 निर्दोष लोगों, जिनमें अधिकतर पर्यटक थे, की हत्या कर दी थी।एक रिपोर्ट

****

इस बीच, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पहलगाम आतंकी हमले की पहली बरसी पर पीड़ितों को श्रद्धांजलि अर्पित की है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री राधाकृष्णन ने कहा कि आतंकी हमले में जान गंवाने वाले निर्दोष लोगों की यादें देश की सामूहिक स्मृति में हमेशा अंकित रहेंगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश आतंकवाद के किसी भी रूप के आगे कभी नहीं झुकेगा।

****

केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी और संजय सेठ ने आज पहलगाम आतंकी हमले की बरसी पर अपनी जान गंवाने वाले निर्दोष नागरिकों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। दोनों नेताओं ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए आतंकवाद के खिलाफ देश के अटूट संकल्प को दोहराया।

****

चतरा सदर अस्पताल से आज साहस और कर्तव्यपरायणता की एक अनोखी मिसाल सामने आई है। अस्पताल के नियमित कर्मी द्वारा पोस्टमार्टम से इनकार किए जाने के बाद, अस्पताल की सफाईकर्मी ममता देवी ने आगे बढ़कर कमान संभाली। ममता ने न केवल एक, बल्कि दो शवों का सफलतापूर्वक पोस्टमार्टम किया।

****

कोडरमा जिले में हाथियों का आतंक जानलेवा होता जा रहा है। बीती रात जयनगर थाना क्षेत्र के कंझियाडीह में एक ईंट भट्ठे पर हाथियों के झुंड ने हमला कर एक मजदूर और 12 वर्षीय बच्चे को कुचलकर मार डाला। घटना में तीन अन्य लोग घायल हुए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

****

गुमला जिले में कुपोषण के खिलाफ जंग तेज हो गई है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के निर्देश पर जिले में कल तक पोषण पखवाड़ा मनाया जा रहा है। विस्तृत ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

****

शेयर बाजार में आज दोपहर के समय बैंचमार्क घरेलू सूचकांकों में करीब शून्य दशमलव आठ प्रतिशत की गिरावट दर्ज हुई। बम्बई शेयर बाजार का सेंसेक्स 687 अंक गिरकर 78 हजार 586 पर था जबकि, निफ्टी में 182 अंकों की कमी आई और यह ताजा समाचार मिलने तक 24 हजार 395 पर था।

****

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 41 हजार 300 रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 56 हजार रूपये प्रति किलो है।

****

आज दुनिया भर के साथ झारखंड में भी विश्व पृथ्वी दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर साहिबगंज और जामताड़ा जिलों में जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से विशेष जागरूकता अभियान चलाए गए। साहिबगंज में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अखिल कुमार के मार्गदर्शन में न्याय मित्रों ने स्कूलों और बाजारों में स्वच्छ पर्यावरण–सुरक्षित जीवन का संदेश दिया। वहीं, जामताड़ा व्यवहार न्यायालय परिसर में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राधा कृष्ण की उपस्थिति में न्यायिक पदाधिकारियों और अधिवक्ताओं ने पौधारोपण किया।

****

धनबाद में आयोजित भारत–नेपाल अंडर–19 मूक–बधिर क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। नेपाल द्वारा दिए गए 70 रनों के लक्ष्य को भारत ने मात्र 9 ओवरों में ही 8 विकेट शेष रहते हासिल कर लिया। भारतीय खिलाड़ी पृथ्वीराज रामटेके को उनके शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। उन्होंने 23 रन बनाए और दो महत्वपूर्ण विकेट भी झटके।

******समाप्त******